20/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्य सचिव मनीष गुप्ता ने कल ईटानगर में मासिक विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और क्षेत्रीय विकास को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। जिसमें सड़क संपर्क में सुधार, जिलों में बुनियादी ढांचे की कमियों की पहचान करना और टीसीएल में बुनियादी ढांचे और संस्थागत परियोजनाओं को आगे बढ़ाना शामिल था। पर्यटन बुनियादी ढांचे की सूची के साथ ही जिला कार्यालयों में ई-ऑफिस के कार्यान्वयन की भी समीक्षा की गई। व्यापक कवरेज सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिकता क्षेत्र की योजनाओं का आकलन किया गया।

0000000000000000000000

वंदे भारत कनेक्टिविटी की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में, हारमोती-नाहरलगन रेल का सफलतापूर्वक ईलेक्ट्रीफाईड किया गया है। इस खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह अरुणाचल के रेलवे के लिए एक नई शुरुआत है और हारमोती - नाहरलगन सेक्शन पर सफल इलेक्ट्रिक ट्रायल एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सफल इलेक्ट्रिक ट्रायल से राज्य में रेल कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलने और उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

00000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने सियांग और अपर सियांग जिले के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान लोगों को अपर सियांग बहुउद्देशीय परियोजना के महत्व के बारे में संबोधित किया।

श्री मैन ने चीन की विशाल जलविद्युत बांध परियोजना के बारे में बढ़ती चिंता को उजागर किया, जो चीन में सियांग नदी के ऊपरी इलाकों में यारलुंग सांगपो नदी पर 60,000 मेगावाट बिजली पैदा करने के लिए तैयार है। सांगपो नदी पर इतनी बड़ी जलविद्युत परियोजना के क्षेत्र में पर्यावरणीय प्रभाव पर विशेषज्ञों और शोध विद्वानों द्वारा की गई कुछ महत्वपूर्ण बातों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य निचले इलाकों के लोगों की सुरक्षा और अन्य पर्यावरणीय मुद्दों का समाधान करना है। श्री मेन ने समाज के इलीट और शिक्षित वर्ग से ग्रामीणों के बीच अपर सियांग बहुउद्देशीय परियोजना के लाभों और सकारात्मक प्रभाव के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करने का आह्वान किया। उन्होंने अपर सियांग बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण के खिलाफ़ लोगों से भी अपील की कि वे पुनर्विचार करें और चर्चा और समाधान के लिए बातचीत करे।

0000000000000000000000000

राज्य सरकार आर्थिक रूप से कमज़ोर 15 APST उम्मीदवारों के लिए पूरी तरह से प्रायोजित UPSC कोचिंग की पेशकश कर रही है। शिक्षा मंत्री पीडी सोना ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि चयन रिटेन और वाईवा के माध्यम से होगा। उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार 25 मार्च 2025 से पहले apdhte.nic.in पर आवेदन कर सकते हैं। यह पहल SANKALP-IAS, नई दिल्ली के सहयोग से की जा रही है और यह नई दिल्ली परिसर में दस महीने का पूर्ण आवासीय पाठ्यक्रम होगा।

0000000000000000000

मेबो सब-डिवीजन के अंतर्गत आयेंग में जिला प्रशासन द्वारा सेवा आपके द्वार 2.0 का आयोजन किया गया, जिसके तहत 25 विभागों द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सरकारी और बैंकिंग सेवाओं से लगभग 405 लोग लाभान्वित हुए। इस आउटरीच कैंप का उद्घाटन मेबो विधायक ओकेन तायेंग ने ईस्ट सियांग उपायुक्त तायी ताग्गू एवं अन्य की उपस्थिति में की। विधायक एवं उपायुक्त ने बुनकरों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के लघु क्लस्टर विकास कार्यक्रम के तहत सेवा आपके द्वार के दौरान आयेंग गांव की बीस महिला बुनकरों को सोलर लैंप वितरित किए। अधिकारियों और लाभार्थियों के साथ बातचीत में विधायक ने "वोकल फॉर लोकल" पहल के तहत मूल्य के अनुसार सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले हथकरघा और पारंपरिक उत्पादों का सुझाव दिया, जिससे आय सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा और बुनकरों और कारीगरों के लिए अधिक स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे।

0000000000000000000

राज्य के कुशल युवाओं के बीच रोजगार के अवसर को बढ़ावा देने की उद्देश्य से, अरुणाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (ArSRLM) द्वारा कल ईटानगर में DDU-GKY जॉब फेयर 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें आठ प्रमुख कंपनियों ने भाग लिया। जॉब फेयर का उद्घाटन राज्य के एक सफल उद्यमी तेली तादा कामदिर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत प्रशिक्षित उम्मीदवारों को रोजगार के अवसर प्रदान करना था। आज हुए ऑफर लेटर वितरण समारोह के साथ ही दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन हो गया।

00000000000000000

20वें तादार तांग राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में कल सभी चार जोन्स में रोमांचक फुटबॉल मुकाबले खेले गए। नामसाई में जोन 1 के तहत, अंजाव ने तिराप को 3-2 से पराजित किया। वहीं लोअर सियांग के नारी में आयोजित जोन 2 मुकाबले में लोअर सियांग और ईस्ट सियांग के बीच 1-1 से मैच ड्रॉ हुआ। अपर सुबनसिरी के दापोरिजो में आयोजित जोन 3 के मैच में केई पान्योर ने कामले पर 1 गोल से जीत हासिल की। तो वहीं तवांग में जोन 4 के कड़े मुकाबले में कैपिटल कॉम्प्लेक्स ने वेस्ट कामेंग को 8-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

00000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने राज्य के लोअर सुबनसिरी, पापुम पारे, अपर सियांग, ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, और तिराप जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, इन जिलों में अगले 24 घंटों मे ग़रज के साथ बिजली गिरने और बारिश होने की संभावन व्यक्त किया गया है।

000000000000000000000